**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 30.03.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, आज, ज्ञानशिखा टाइम्स, जनसंदेश टाइम्स, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला—दि0 30.03.2025

### वीडीए ने तीन अवैध निर्माण स्थलों को किया सील

**वाराणसी।** वीडीए की टीम ने शनिवार को तीन अवैध निर्माण स्थल पर सीलिंग की कार्रवाई की। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार मंडुवाडीह स्टेशन के सामने अवनीश राय एक हजार वर्गफीट में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए बेसमेंट का निर्माण किया जा रहा है। उसे सील कर दिया गया। इसी तरह राकेश पांडेय नीलकंठपुरम कॉलोनी में 1500 वर्गफीट में निर्माण करा रहे थे। उसे भी सील कर दिया गया। वहीं सरफराज महावीर कटरा में नई सड़क पर लगभग 1500 स्क्वायर फीट में बिना मानचित्र पास कराए निर्माण करा रहे थे। यहां भी सीलिंग की कार्रवाई की गई। ब्यूरो

## अमर उजाला—दि0 30.03.2025

### वीडीए सचिव ने किया अभिलेखागार का निरीक्षण

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने शनिवार को वीडीए के अभिलेखागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रिकार्ड अनुभाग में अभिलेख/पत्रावलियां बेतरतीब पड़ी मिलीं। इन्हें व्यवस्थित किए जाने का निर्देश दिया गया। रिकार्ड अनुभाग में स्थित अलमारियों और अन्य जगहों पर धूल जमी थी। इस पर कार्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। रजिस्टरों का रख-रखाव सही और सुव्यवस्थित ढंग से नहीं था। इस संबंध में भी रिकॉर्ड लिपिक को आवश्यक निर्देश दिए। ब्यूरो

## अमर उजाला—दि0 30.03.2025

### शहर में 61 स्कल्पचर लगाए जाएंगे

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शनिवार को शहर के विभिन्न जंक्शन के इम्प्रूवमेंट के लिए लैंडस्केपिंग और स्कल्पचर की स्थापना के संबंध में बैठक की गई। वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि शहर में कुल 61 स्कल्पचर लगाए जाएंगे। इस बैठक में स्कल्पचर इंस्टालेशन के दौरान आ रही समस्याओं के समाधान पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारियों द्वारा जंक्शन इम्प्रूवमेंट और स्कल्पचर इंस्टालेशन के लिए कुछ सुझाव प्रस्तुत किए गए। ब्यूरो

## आज–दि0 30.03.2025

### तीन निर्माणाधीन भवन हुये सीज

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर जोनल-४ नगवां और भेलूपुर वार्ड में अवैध निर्माण के विरुद्ध सिलिंग की कारवाई की गयी। अवनीश कुमार राय रानीपुर में बिना मानचित्र स्वीकृति कराये भवन का निर्माण करा रहे थे। इसी प्रकार नीलकंठपुरम कालोनी चितईपुर में राकेश पाण्डेय भी बिना मानचित्र स्वीकृति क निर्माण कार्य करा रहे थे। शिकायत के आधार पर मौके पर पहुंचे जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता आदर्शन निराला और प्रवर्तन टीम ने दोनों भवनों को सीज कर दिया और जोनल अधिकारी के निर्देश पर अवर अभियंता ने निकटम थाने की अभिरक्षा में सौंप दिया। इसी प्रकार दशाश्वमेध में सरफराज नामक भवन स्वामी ने बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण कार्य कर रहे थे। शिकायत के आधार पर मौके पर पहुंचे जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, अवर अभियंता रविंद्र प्रकाश ने भवन में काम कर रहे कारीगरों को भगा दिया। इसके बाद उन्होंने सिलिंग कारवाई की। जोनल अधिकारी के निर्देश पर अवर अभियंता ने भवन को निकटम थाने की अभिरक्षा में सौंप दिया।

### यातायात समस्या को लेकर विप्रा उपाध्यक्ष ने की बैठक

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लैंडस्केपिंग और स्कल्पचर की स्थापना के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के बाद निर्णय लिया गया कि स्कल्पचर के दौरान आ रही समस्याओं का विचार विमर्श के बाद समाधान किया जायेगा। ऐसे ६१ जगह चिह्नित किये गये हैं जहां पर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उपाध्यक्ष ने इसके लिए नगर निगम को उन स्थानों पर सफाई सुनिश्चित करने कैंटोमेंट बोर्ड के अधिकारियों से इम्प्रूवमेंट स्कल्पचर के लिए सुझाव मांगा गया है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग को स्थान चिह्नित करने का भी निर्देश दिया गया है। उपाध्यक्ष ने सहायक पुलिस आयुक्त यातायात को चौराहों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये जिससे कि यातायात सुचारु रूप से चल सके। बैठक में अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, सहायक पुलिस आयुक्त, लोक निर्माण विभाग, कैंटोमेंट बोर्ड के अधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 30.03.2025

### वाराणसी में स्कल्पचर इंस्टालेशन और जंक्शन इम्प्रूवमेंट हेतु बैठक आयोजित

वाराणसी विकास प्राधिकरण के *उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शहर के विभिन्न जंक्शन के इम्प्रूवमेंट हेतु लैंडस्केपिंग और स्कल्पचर की स्थापना के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन* किया गया। *वाराणसी शहर में कुल 61 स्कल्पचर लगाये जाएँगे द्य* इस बैठक में स्कल्पचर इंस्टालेशन के दौरान आ रही समस्याओं के समाधान पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा *नगर निगम को उक्त स्थानों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश* दिए गये। साथ ही, *कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारियों द्वारा जंक्शन इम्प्रूवमेंट और स्कल्पचर इंस्टालेशन के लिए कुछ सुझाव प्रस्तुत* किए गए। इसके अतिरिक्त, *पी0डब्लू0डी0 को विभिन्न स्थानों के चिन्हांकन के लिए निर्देशित* किया गया, जहाँ



अन्य स्कल्पचर को इंस्टॉल किया जाना है।उपाध्यक्ष ने *सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) को चौराहों से अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश* दिए, ताकि स्कल्पचर की स्थापना के कार्य में कोई रुकावट न आए और यातायात सुचारू रूप से चलता रहे।बैठक में अपर सचिव गुडाकेश शर्मा , अधीक्षण अभियंता अजय पवार, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात, पी0डब्लू0डी0, एन0एच0ए0आई0, कैंटोनमेंट बोर्ड, नगर निगम* तथा प्राधिकरण अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक शहर के सौंदर्यकरण और जंक्शन के सुधार हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वाराणसी को और अधिक आकर्षक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में मददगार साबित होगा।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 30.03.2025

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने अभिलेखागार का किया औचक निरीक्षण



वाराणसी । विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा परिसर स्थित अभिलेखागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुनिल कुमार सिन्हा (रिकार्ड लिपिक) व अभिलेखागार में कार्यरत अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रिकार्ड अनुभाग में अभिलेख / पत्रावलियाँ बेतरतीब पड़ी हुयी थी, जिन्हें व्यवस्थित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। रिकार्ड अनुभाग में स्थित आलमारियों पर व अन्य जगहों पर धूल की सतह जमी हुयी थी, जिसके सम्बन्ध में अभिलेखागार में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को कारण बताओं नोटिस जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। रिकार्ड अनुभाग के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। रजिस्टरों का रख-रखाव सही व सुव्यवस्थित ढंग से नही किया जा रहा था। उक्त के सम्बन्ध में रिकार्ड लिपिक को आवश्यक निर्देश दिये गये। प्राधिकरण परिसर में बन रहे नवीन अभिलेखागार का भी निरीक्षण किया गया, जिसके सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश दिये गये।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 30.03.2025

# काशी और अधिक होगी आकर्षक वीडीए ने किया सुझाव साझा



**वाराणसी।** शहर के सौंदर्यीकरण किए जाने और जंक्शन के सुधार के लिए वीडीए ने जहां महत्वपूर्ण बैठक कर चर्चा की,वही काशी को और अधिक आकर्षक तथा व्यवस्थित बनाने की दिशा में सुझाव भी साझा किया। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शनिवार को हुई बैठक में स्कल्पचर की स्थापना के बारे में जहां चर्चा की गई,वही इंस्टालेशन के दौरान आ रही समस्याओं के समाधान पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान वीडीए उपाध्यक्ष ने नगर निगम को उक्त स्थानों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने और पी.डब्लू.डी को विभिन्न स्थानों का तत्काल चिंहकन करने का निर्देश दिया। बैठक में कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारियों ने जंक्शन इम्प्रूवमेंट और स्कल्पचर इंस्टालेशन के लिए कुछ सुझाव प्रस्तुत किए। सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) को चौराहों से अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए, ताकि स्कल्पचर की स्थापना के कार्य में कोई रुकावट न आए और यातायात सुचारू रूप से चलता रहे। इस अवसर पर अपर सचिव गुडाकेश शर्मा,अधीक्षण अभियंता अजय पवार, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात, पी.डब्लू.डी. एनएच.ए.आई., कैंटोमेंट बोर्ड,नगर निगम, प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे।

**चर्चा**

**स्कल्पचर इंस्टालेशन और जंक्शन इम्प्रूवमेंट पर चर्चा**

न्यायाधीश–दि0 30.03.2025

## अवैध निर्माण के विरुद्ध वीडीए जोन-4 ने की सील की कार्यवाही

वाराणसी। उपाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-4, वार्ड-नगवां एवं भेलूपुर के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी और सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार,अवर अभियंता आदर्श निराला प्रवर्तन टीम उपस्थित रही ।सील बंद कराये गये निर्माणी का विवरण निमन्वत हैः. जोन-4 में श्री अवनीश राय, द्वारा रानीपुर, मण्डुवाडीह स्टेशन के सामने वार्ड -नगवां, जिला - वाराणसी में लगभग 1000 वर्गफिट के क्षेत्रफल में बेसमेंट का निर्माण कर भू - तल कालम पर बिना स्वीकृति मानचित्र के निर्माण कार्य किये जाने पर अवैध निर्माण को सील किया गया। जोन-4 में श्री राकेश पाण्डेय, द्वारा नीलकंठपुरम कॉलोनी, चितईपुर, वार्ड -नगवां, जिला - वाराणसी में लगभग 1500 वर्गफिट के क्षेत्रफल में ऊ2 का निर्माण किया जा रहा था उक्त अवैध निर्माण को सील किया गया।